


# पंचदश बिहार विधान सभा

## पंचदश सत्र

## दैनिक विवरणिका

संख्या-04 | बुधवार, दिनांक- 24 दिसम्बर, 2014 ई० ।

**माननीय अध्यक्ष, श्री उदय नारायण चौधरी की अध्यक्षता में सभा की बैठक प्रारंभ हुई ।**

**समय : 11.00 बजे पूर्वाह्न से 11.10 बजे पूर्वा० तक ।**

[1] प्रश्नोत्तरकाल :-

(i) 02 अल्पसूचित प्रश्न उत्तरित ।

(ii) 01 अल्पसूचित प्रश्न अपृष्ट ।

(iii) 03 अल्पसूचित प्रश्न अनागत ।

(iv) 01 तारांकित प्रश्न उत्तरित ।

(v) 01 तारांकित प्रश्न अपृष्ट ।

(vi) 132 तारांकित प्रश्न अनागत ।

''अल्पसूचित प्रश्न क्रम सं०-03 के उत्तर के क्रम में माननीय प्रश्नकर्त्ता सदस्य के अनुरोध के आलोक में प्रभारी मंत्री के प्रस्ताव पर आसन द्वारा स्वयं इस मामले को देखने की घोषणा की गई ।''

''इस दौरान विपक्ष के माननीय सदस्य अपनी-अपनी मांगों को लेकर शोरगुल करते हुए वेल में आ गए ।''

आसन द्वारा बार-बार उनसे अनुरोध किया गया कि वे शांत रहें और उन्हें जो भी कहना है वे अपनी सीट पर जाकर कहें परन्तु सदन में शोरगुल व्याप्त रहा और सभा की बैठक 12.00 बजे मध्या० तक के लिए स्थगित हुई ।

### स्थगनोपरान्त

12.00 बजे मध्या० से 12.15 बजे अप० तक ।

[2] कार्यस्थगन :-

माननीय सदस्य श्री प्रेम कुमार, श्री दिनेश कुमार सिंह, श्रीमती उषा विद्यार्थी एवं श्री अरूण कुमार सिन्हा द्वारा दिए गए कार्यस्थगन की सूचना नियमानुकूल नहीं रहने के कारण अमान्य किये जाने की घोषणा आसन से की गयी ।

[3] **शून्यकाल :-**

शून्यकाल की सूचना अन्तर्गत निम्नांकित माननीय सदस्यों द्वारा राज्य के विभिन्न समस्याओं की ओर सरकार का ध्यान आकृष्ट किया गया :-

(i) श्रीमती पूनम देवी यादव
(ii) श्री राजेश्वर राज
(iii) श्री दिनेश कुमार सिंह
(iv) श्री ललन राम
(v) श्री दुर्गा प्रसाद सिंह
(vi) श्री प्रदीप कुमार
(vii) श्री वीरेन्द्र कुमार सिंह

[4] **ध्यानाकर्षण सूचनाएँ :-**

(i) मा० सदस्य श्री मंजीत कुमार सिंह एवं अन्य सभासदों का 22.012.2014 से स्थगित स्वास्थ्य विभाग से संबंधित ध्यानाकर्षण सूचना के उत्तर के लिए सरकार द्वारा समय लिया गया ।

(ii) मा० सदस्य श्री दिनेश कुमार सिंह एवं अन्य सभासदों का स्वास्थ्य विभाग से संबंधित ध्यानाकर्षण सूचना को माननीय सदस्य श्री दिनेश कुमार सिंह द्वारा पढ़ा गया तथा इसके उत्तर के लिए सरकार द्वारा समय लिया गया ।

(iii) श्री राम सेवक सिंह, स०वि०स० एवं अन्य सभासदों का गन्ना उद्योग विभाग से संबंधित ध्यानाकर्षण सूचना को मा० सदस्य श्री रामसेवक सिंह द्वारा पढ़ा गया तथा इसके उत्तर के लिए इसे पर्यावरण एवं वन विभाग को स्थानान्तरित किया गया ।

[5] **सभा मेज पर कागजात का रखा जाना :-**

(i) मा० प्रभारी मंत्री वित्त श्री विजेन्द्र प्रसाद यादव द्वारा भारत के नियंत्रक महालेखापरीक्षक का 31 मार्च, 2014 को समाप्त हुए वर्ष का राजस्व प्रक्षेत्र पर प्रतिवेदन की प्रति को सभा पटल पर रखा गया तथा इसके जनता में बिक्री के लिए प्राप्य हो का प्रस्ताव प्रस्तुत किया गया जो सदन द्वारा स्वीकृत हुआ ।

(ii) मा० प्रभारी मंत्री आपदा प्रबंधन विभाग श्री नरेन्द्र नारायण यादव द्वारा बिहार राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण का वर्ष 2012-13 का वार्षिक प्रतिवेदन की प्रति को सदन पटल पर रखा गया ।

(iii) मा० सभापति लोक लेखा समिति श्री ललित कुमार यादव द्वारा समिति का 545वाँ, 547वाँ, 548वाँ, 549वाँ, 550वाँ, 551वाँ, 552वाँ, 553वाँ, 555वाँ, 556वाँ, 557वाँ एवं 558वें प्रतिवेदन की एक-एक प्रति को एक-एक प्रति को सदन पटल पर रखा गया ।

(iv) मा० सभापति निवेदन समिति श्री शालिग्राम यादव द्वारा समिति का 84वाँ, 85वाँ, 86वाँ एवं 87वें प्रतिवेदन की एक-एक प्रति को सदन पटल पर रखा गया ।

''इस दौरान विपक्ष के माननीय सदस्यगण अपनी मांगों को लेकर शोरगुल करते हुए वेल में आ गए ।''

आसन से बार-बार अनुरोध करने के बाद भी सदन में शांति कायम नहीं हो सकी और सभा की बैठक 02.00 बजे अप० तक के लिए स्थगित हुई ।

**भोजनावकाश के बाद**

समय : 2.00 बजे अप० से 02.10 बजे अप० तक ।

[6] **वित्तीय कार्य :- वित्तीय वर्ष 2014-2015 के द्वितीय अनुपूरक व्यय विवरणी में सम्मिलित अनुदान की मांग (गृह) विभाग पर वाद-विवाद एव मतदान :-**

माननीय प्रभारी मंत्री, गृह विभाग श्री विजय कुमार चौधरी द्वारा गृह विभाग से संबंधित अनुदान की मांग का प्रस्ताव सदन में प्रस्तुत किया गया ।

इस विषय पर कोई कटौती प्रस्ताव प्रस्तुत नहीं किया गया ।

''इस दौरान विपक्ष के माननीय सदस्यगण शोरगुल करते हुए वेल में आ गए ।''

आसन से बार-बार अनुरोध के बाद भी सदन में शांति कायम नहीं हो सका और सभा की बैठक 04.50 बजे अप० तक के लिए स्थगित हुई ।

**<u>स्थगनोपरान्त</u>**

समय : 04.50 बजे अप० से 05.20 बजे अप० तक

मा० प्रभारी मंत्री श्री विजय कुमार चौधरी द्वारा सरकार की ओर से उत्तर दिया गया ।

सदन द्वारा गृह विभाग से संबंधित अनुदान की मांग का प्रस्ताव स्वीकृत हुआ ।

''इस दौरान विपक्ष के सभी मा० सदस्यगण सरकार के उत्तर से असंतुष्ट होकर सदन से बर्हिगमन कर गए ।''

तत्पश्चात् शेष अनुदान की मांग बारी-बारी से गिलोटिन (मुखबंध) द्वारा सदन से स्वीकृत हुआ ।

**[7] <u>राजकीय कार्य</u> :- राजकीय (वित्तीय) विधेयक :-**

**बिहार विनियोग (संख्या-4) विधेयक 2014 :-**

माननीय प्रभारी मंत्री वित्त विभाग श्री विजेन्द्र प्रसाद यादव द्वारा सदन की सहमति से विधेयक सदन में पुरःस्थापित हुआ तथा विधेयक पर विचार का प्रस्ताव प्रस्तुत किया गया ।

विधेयक पर विचार के प्रस्ताव की स्वीकृति उपरांत खण्डशः विचार के क्रम में बारी-बारी से सभी खंड विधेयक के अंग बने ।

मा० मंत्री वित्त विभाग द्वारा विधेयक की स्वीकृति का प्रस्ताव प्रस्तुत किया गया ।

विधेयक सदन द्वारा स्वीकृत हुआ ।

**[8] <u>निवेदन</u> :-**

आसन से घोषणा की गई कि आज के लिए स्वीकृत कुल 45 निवेदनों को सदन की सहमति से संबंधित विभागों को भेज दिए जाएँगे ।

तदुपरांत सभा की बैठक शुक्रवार दिनांक 26 दिसम्बर 2014 के 11.00 बजे पूर्वाह्न तक के लिए स्थगित हुई ।

पटना

दिनांक-24 दिसम्बर 2014

**हरेराम मुखिया**

प्रभारी सचिव,

बिहार विधान सभा, पटना ।